
नवभारत
1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

## एक नजर में



### मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी. प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को टेलीफोन कर उनके 73वें जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सभी प्रयासों में सफलता की कामना की. दोनों नेताओं ने भारत और रूस के द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की. प्रधानमंत्री ने कहा कि वह 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं.

### अब फेस, फिंगरप्रिंट से भी करें यूपीआई पेमेंट

**नई दिल्ली.** यूपीआई यूजर्स अब फेस और फिंगरप्रिंट के जरिए पेमेंट कर सकेंगे. यूपीआई ऑपरेट करने वाली एजेंसी एनपीसीएल के नए बायोमेट्रिक फीचर्स को केंद्र सरकार ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है. आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टीरबी शंकर ने मुंबई में चल रहे ग्लोबल फिन टेक इवेंट में नए फीचर्स को लॉन्च किया है. जल्द ही यूपीआई एप्स इसे एड करेंगे. इसके बाद यूपीआई पेमेंट करने के लिए पिन की जरूरत ऑप्शनल हो जाएगी.

# मिशन मोड में करें काम

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-काम ऐसा करें कि जनता याद रखे

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के आला मैदानी अफसरों को मंत्र दिया है कि वे ऐसा काम करें कि जनता उनको याद करे. अफसर तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता उनको ही याद रखती है, जो उनके हितों के लिये सबसे आगे खड़े रहते हैं.**

आप अपने कार्यकाल का एक क्षण भी बिना गवायें पूरे समय जन कल्याण में जुटे रहे और प्रदेश को नई ऊंचाईयों पर लेकर जायें. केवल अफसरी दिखाने के लिये ये जवाबदारी नहीं मिली है. इसका ध्यान रखें.

यह बात उन्होंने मंगलवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कलेक्टर्स- कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान आला मैदानी अफसरों से रूबरू होते हुए कही. दो दिनी कॉन्फ्रेंस के लिये प्रदेशभर से कलेक्टर्स और कमिश्नर्स राजधानी में जुटे हैं. इसमें अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी भी हिस्सा ले रहे हैं.

वहीं, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी कॉन्फ्रेंस में भागीदार बनाया गया है. दो दिनी कॉन्फ्रेंस को 8 सेक्टर में बांटा गया है. पहले दिन 5 सेक्टर पर मंथन किया गया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने अफसरों को सरकार की प्राथमिकताएं भी गिनाईं.



मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनता के कल्याण के लिए शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर मिशन मोड में कार्य करना होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश में जवाबदेह शासन व्यवस्था स्थापित की है.

लोक सेवकों का यह दायित्व है कि वे अपनी प्रतिभा, लगन, क्षमता और समर्पण के साथ जनता तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाएं. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमें एक विनम्र विद्यार्थी की तरह इस दायित्व का निर्वहन करना ही चाहिए. हर दिन, हर तरीके से नई चीजें सीखें और अपनी दक्षता और अनुभव से उनका बेहतर क्रियान्वयन करें, लक्ष्य यह रखें कि नवाचार का समाज को अधिकतम लाभ मिले.

### माह में दो बार वर्चुअल कॉन्फ्रेंस होगी : सीएस

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हो सकता है कोई एक समस्या से जूझ रहा है और किसी और के पास उस समस्या का समाधान है, इसमें फॉलोअप की व्यवस्था की जाएगी. प्रत्येक माह में दो बार वर्चुअल कॉन्फ्रेंस होगी .जैन ने कहा कि जिले का बेहतर परिणाम तभी सुनिश्चित होगा जब सभी स्तर के अधिकारी-कर्मचारी मिलकर टीम के रूप में काम करेंगे. अच्छा संवाद होगा तो अच्छा हल निकलेगा. जिले में समस्याओं को हल करने के लिए, आम जनता के मध्य संवाद बनाएं रखना सुनिश्चित हो. किसी तरह की समस्या होने पर अपने नीचे के अधिकारियों से भी संवाद करना चाहिए.

### गुड गवर्नेंस से ग्रेट रिजल्ट की ओर हों अग्रसर


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि लोकतंत्र एवं जनकल्याण में हम सबकी महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट भूमिका है. फील्ड में तैनात अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारी है कि जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले. उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस से हम ग्रेट रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं और हम सभी को इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए.

### गांव में करें रात्रि विश्राम

मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को नसीहत देते हुए कहा कि जनता को गुड गवर्नेंस लाभ दिलाने के लिए व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है, तो वह भी जरूर करें. जिलों में तैनात सभी अधिकारी लगातार दौरे करें, किसी गांव में रात्रि विश्राम भी करें. फील्ड दौरों में छात्रावास, स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान, निर्माण कार्यों, हॉस्पिटल आदि का औचक निरीक्षण भी करें.

## हरियाणा के आईपीएस अफसर ने खुद को मारी गोली

**चंडीगढ़ 07 अक्टूबर.** हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए हैं. कहा जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी है. पूरन कुमार हरियाणा में एडीजीपी के पद पर थे. उनकी पत्नी अमनीत पी कुमार हरियाणा कैडर की आईएएस हैं. वह अभी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान में हैं. वाई पूरन कुमार का परिवार चंडीगढ़ के सेक्टर 11 में रहता है.




नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन!

# किडनी फेल से तीन और मासूमों की मौत

## मौत का आंकड़ा पहुंचा 19, शासन ने इलाज के किए पुख्ता इंतजाम

**छिंदवाड़ा/परासिया, 7 अक्टूबर. छिंदवाड़ा जिले में किडनी फेल से बच्चों की मौत का मामला रोकने का नाम नहीं ले रहा है मंगलवार को ए ताजा जानकारी के अनुसार जिले के जुन्नारदेव और तामिया विकासखंड में किडनी फेल होने से दो बच्चों की मौत की पुष्टि हुई है जिले में अब तक बच्चों की मौत का आंकड़ा 19 पहुंच गया है।**

बीती रात जिले के तामिया विकासखंड के जूनापानी निवासी नवीन डायरिया की डेढ़ साल की बेटी धानी डेहरिया ने और रिधौरा के ही देवांश पवार ढाई वर्ष ने इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। वही जुन्नारदेव विकासखंड के नवेगांव निवासी येजुशा यदुवंशी ढाई वर्ष उपचार के दौरान नागपुर में मौत हो गई। तो वहीं मंगलवार को एक राहत



भरी खबर आई की ग्राम रिधोरा निवासी प्रतीक स्वस्थ हो कर घर लौट आया। आठ बच्चों का इलाज अभी भी नागपुर के अलग अलग- अस्पतालों में चल रहा है। मप्र शासन ने इन मासूमों के इलाज के पुख्ता इंतजाम किए है। शासन की एक टीम इन बच्चों के इलाज पर पूरा ध्यान रखे हुए है।

### दो और कफ सिरप में निकला जहर

भोपाल, 7 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के बाद अब दो और कफ सिरप में खतरनाक केमिकल डायएथिलीन ग्लाइकॉल की अधिक मात्रा पाई गई है. मध्यप्रदेश फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की जांच रिपोर्ट में गुजरात निर्मित री लाइफ और रेस्पिफ्रेस टीआर सिरप मानक पर खरे नहीं उतरे हैं. अधिकारियों के अनुसार, इन दोनों सिरप पर तत्काल रोक लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. यह वही जहरीला तत्व है, जो पहले कोल्ड्रिफ सिरप में भी मिला था.





GST लाभ

| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
|---|---|---|
| SUPER SPLENDOR | ~~₹84 570~~ ₹77 962# | ₹6 608 |
| HF DELUXE | ~~₹62 938~~ ₹58 020# | ₹4 918 |

सीमित अवधि ऑफर

एक्सचेंज ऑफर + ₹2 500~ तक + इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड FESTIVE TREATS Powered by pine labs + प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू | विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Super Splendor and HF Deluxe Pro in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9826730340, 9009433866, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045.